अमर उजाला

Date – 10/09/2025

# आत्मविश्वास उद्यमिता की कुंजी : डॉ. अजमेर



सीआरएसयू में आयोजित व्याख्यान में मौजूद विद्यार्थी और स्टाफ। स्रोत : विवि

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की तरफ से उद्यमिता विषय पर मंगलवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. अजमेर सिंह ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया व सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशलों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी है। लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस विभाग के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत होती है। संवाद

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 10-09-2025

# नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी है



जींद| सीआरएसयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा उद्यमिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉ. अजमेर सिंह ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशलों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ अजमेर ने युवाओं को पारंपरिक रोजगार के बजाय स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस विभाग के प्रभारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत होती है तथा वे रोजगार प्रदाता बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं।

दैनिक जागरण

**Date – 10/09/2025**

# 'नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी'



विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में बताते हुए डा. अजमेर • सौ. विवि

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की तरफ से मंगलवार को उद्यमिता विषय पर शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ के रूप में डा. अजमेर सिंह ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को पारंपरिक रोजगार के बजाय स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस विभाग के प्रभारी डा. अनिल कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत होती है और वे रोजगार प्रदाता बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं।इस व्याख्यान श्रृंखला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**पंजाब केसरी**

**Date – 10/09/2025**

# नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी : डॉ. अजमेर



*कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. अजमेर।*

जींद, 9 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा उद्यमिता विषय पर शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अजमेर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया तथा सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशलों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अजमेर ने युवाओं को पारंपरिक रोजगार के बजाय स्वरोजगार एवं स्टार्ट-अप्स की ओर प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि नवाचार, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही उद्यमिता की कुंजी हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस विभाग के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत होती है तथा वे रोजगार प्रदाता बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। इस व्याख्यान श्रृंखला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।